पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

प्रधानमंत्री से मिले राज्यपाल

प्रधानमंत्री से प्रदेश में आई बाढ़ के साथ अन्य विषयों पर चर्चा की

लखनऊः 27 अगस्त, 2014

प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी से उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर भेंट की। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश का पदभार ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री से राज्यपाल की यह पहली शिष्टाचारिक भेंट है।

मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री से राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश में आई बाढ़ व अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री से उन्होंने युद्ध स्मारक में परमवीर चक्र से सम्मानित 21 लोगों के भित्ती चित्र बनाने वाले मुम्बई के शिल्पकार, श्री उत्तम पाचाराणेय के बारे में विचार-विमर्श किया। राज्यपाल ने यह भी अनुरोध किया कि कुष्ठ पीड़ितों के लिये उन्होने 2007 में जो याचिका संसद को दी थी उस याचिका पर संसदीय समिति ने जो सिफारिश दी है, उसको अमल में लाया जाय। ज्ञातव्य है कि श्री नाईक इण्टरनेशनल लेप्रेसी यूनियन (International Leprosy Union) के अध्यक्ष भी रहे है।

अणुऊर्जा विभाग प्रधानमंत्री के अधीन होने के कारण राज्यपाल ने महाराष्ट्र के तारापुर अणुऊर्जा परिकल्प के विस्थापित लोगों के पुनर्वास तथा उन्हें शीघ्र न्याय दिलाने का उनसे अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि तारापुर के प्रभावित दो देहात में 1250 विस्थापित परिवार हैं, जिनमें मुख्यतः मछुवारे, किसान एवं आदिवासी हैं। तारापुर अणुऊर्जा परिकल्प का मामला मुम्बई हाईकोर्ट में पिछले 10 सालों से विचाराधीन है, जिसकी पैरवी श्री नाईक कर रहे हैं।

अंजुम/रा0/राजभवन-